## एक नजर में

### मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान में जनसंवाद आज

**धार।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक जिले में क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग तथा लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को जिले के विभिन्न विकासखंडों में जनसंवाद एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना ने बताया कि अभियान का शुभारंभ 7 अगस्त, शुक्रवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार में आयोजित जनसंवाद से होगा। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को पूर्व से चिन्हित कर शिविर में उपस्थित कराएं तथा अधिक से अधिक हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई की लंबित शिकायतों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों, अविवादित नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा, न्यायालयीन आदेशों के पालन, किसान फार्मर आईडी, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आंगनवाड़ी सेवाएं, स्वास्थ्य संस्थान, विद्यालय एवं महाविद्यालय, खाद-बीज उपलब्धता तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली सहित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सड़कों, तालाबों, अमृत सरोवरों, बांधों, जल जीवन मिशन की संरचनाओं, शासकीय भवनों एवं अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों का निरीक्षण किया जाएगा। आईटीआई, मेडिकल कॉलेज, प्राथमिक सहकारी समितियां, तहसील, कृषि उपज मंडी, पुलिस थाना, लोक सेवा केंद्र, छात्रावास, आश्रम एवं औद्योगिक क्षेत्रों सहित विभिन्न शासकीय संस्थानों का निरीक्षण भी किया जाएगा। खाद-बीज विक्रेताओं, गैस गोदामों, पेट्रोल पंपों, विस्फोटक एवं पटाखा लाइसेंसधारियों, शस्त्र विक्रेताओं तथा निजी विद्यालयों का भी निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही कानून-व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, संबल योजना सहित अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा कर स्थानीय स्तर पर चिन्हित समस्याओं के निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के तहत आगामी जनसंवाद कार्यक्रम 14 अगस्त को कुक्षी, 21 अगस्त को सरदारपुर, 18 सितंबर को मनावर, 25 सितंबर को धरमपुरी, 9 अक्टूबर को तिरला, 16 अक्टूबर को नालछा, 23 अक्टूबर को डही, 30 अक्टूबर को निसरपुर, 6 नवंबर को बाग, 13 नवंबर को उमरबन, 20 नवंबर को गंधवानी, 27 नवंबर को मुलथान, 4 दिसंबर को धामनोद, 11 दिसंबर को राजोद, 18 दिसंबर को पीथमपुर तथा 8 जनवरी 2027 को मांडव में आयोजित किए जाएंगे।

### स्वसहायता समूह तुरंत करवाएं रजिस्ट्रेशन : सीईओ गुप्ता

**बाग।** विकासखंड बाग में पीएम पोषण के अंतर्गत मध्याह्न भोजन संचालित कर रहे स्व सहायता समूह की बैठक आंबेडकर भवन बाग में रखी गई। इसमें अधिकारियों द्वारा निर्देश दिए गए कि




242 समूह में से 105 समूह द्वारा एनआरएलएम आजीविका विभाग में पंजीयन है और शेष रहे समूह को एक सप्ताह में पंजीयन करना है। जिन 137 समूह का पंजीयन अभी तक नहीं हुआ उन्हें 10 ही सदस्यों के डॉक्यूमेंट उपलब्ध कराकर पंजीयन तत्काल कराए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बाग विष्णु कुमार गुप्ता द्वारा समूह को निर्देशित किया गया है कि समय सीमा में पंजीयन करना है एवं साफ सफाई के साथ मध्याह्न भोजन प्रतिदिन संचालित करना है दस सदस्यों के डॉक्यूमेंट एनआरएलएम में उपलब्ध कराकर दस ही सदस्यों का जिओ टेक होगा एवं सदस्यों में समूह में कार्यरत रसायन का सदस्य होना आवश्यक है रसायन का भी प्रधानाध्यापक द्वारा कार्यकर्ता का होना है बीआरसी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा भी प्रधानाध्यापक एवं समूह को पंजीयन के बारे में विस्तृत रूप से बताया तथा प्रतिदिन मध्याह्न भोजन नियमानुसार संचालित करने हेतु निर्देशित करते हुए उपस्थित प्रधानाध्यापकों को कहा की प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन की पोर्टल पर इंट्री करे और जिस दिन बच्चों को भोजन नहीं मिले तो उसकी लिखित शिकायत जनपद शिक्षा केंद्र बाग में तुरन्त करे जिन समूहों के द्वारा अभी तक बर्तन खरीदी नहीं की गई है वो तत्काल खरीदी कर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। एमडीएम प्रभारी मोहम्मद नईम खान द्वारा समीक्षा बैठक में पंजीयन पर अध्यापकों से समूह की मदद करके डॉक्यूमेंट उपलब्ध कराकर तत्काल पंजीयन करावे बैठक में जन शिक्षक प्रधान अध्यापक एवं स्वसाहयता समूह के अध्यक्ष सचिव में बैठक में उपस्थित हुए अंत में आभार सभी का बीएससी हरजी मुकाती द्वारा किया गया

### बेकलिया में जर्जर सड़क की शिकायत की



**गंधवानी।** गंधवानी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बेकलिया में जर्जर सड़क और अन्य जन समस्याओं को लेकर यहां के सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा मंगलवार को धार जनसुनवाई में पहुंच कर एक आवेदन कलेक्टर को देकर गुहार लगाइ। मामले में सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू मंडलोई ने बताया कि ग्राम में जर्जर सड़के पड़ी हुई है भवनो की स्थिति खराब है साथ ही बलवारी जीराबाद रोड की भी स्थिति खराब है ऐसे कई बिंदुओं को लेकर हमने आवेदन सौंपा है। वहीं ग्राम में विकास कार्यों में अनियमिताओं की भी मांग हमने की है ग्राम में कई जन समस्याएं हैं जिससे परेशानी हो रही है सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि यदि इन समस्याओं पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो फिर हम और वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन देंगे। मामले में इन ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सरकार विकास यात्रा तो निकलती है लेकिन जमीन पर कुछ भी बदलाव नहीं दिखता है जमीन स्थिति बहुत खराब है ग्रामीण लोगों का आवागमन के लिए अच्छे रास्ते ही नहीं मिल पा रहे हैं।

# अपहरण कर बलात्कार करने के आरोपियों को किया गिरफ्तार

- पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर की कार्रवाई
- आरोपियों से तीन मोटर साइकिल जब्त की पुलिस ने



**टांडा।**
**पुलिस अधीक्षक धार सचिन शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार विजय डावर एवं एसडीओपी कुक्षी सुनील गुप्ता के नेतृत्व में थाना प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक संजय कुमार रावत के द्वारा अपहरण कर बलात्कार के मामले मे त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस के अनुसार पीड़िता ने शिकायत की है कि 3 अगस्त की रात ग्राम कालीदेवी में वह घर पर रात 9 बजे अपने लड़के के साथ आंगन में खटिया पर सोई हुई थी। पीड़िता ने कहा कि पास ही मेरी सास ससुर की खटिया भी लगी थी। रात करीब 11.30 बजे हमारे रिश्तेदार और उसके साथी मोटर साइकिल से मेरे घर आए तो मेरी नींद खुल गई। बिजली के बल्ब की रोशनी में मैंने रिश्तेदार और अन्य को पहचान लिया। तभी दो लोग मुझे जबरदस्ती खटिया से उठाकर (अपहरण) मोटर सायकिल पर बैठाने लगे। इतने में मेरे सास-ससुर और ननद जाग गये। जिन्होंने मेरा बीच बचाव करने की कोशिश की तो दो रिश्तेदारों सहित चारों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

इससे मेरे ससुराल वाले डर गये फिर दोनों रिश्तेदार मुझे जबरदस्ती मोटर सायकल पर बीच में बिठाकर नरवाली तरफ जंगल में ले गये। यहां जंगल में मुझे व एक अन्य को छोड़कर बाकी सभी वहां से चले गए। तभी रिश्तेदार ने मेरे साथ जबरदस्ती दो बार गलत काम (बलात्कार) किया और मुझे बोला कि तुझे मैं पत्नी बनाकर रखूंगा। मैंने मना किया तो मेरे साथ थप्पड़ और मुक्की से गाल पर मारपीट की। फिर वहीं पर मुझे डराकर रात भर बिठाकर रखा सुबह करीब 8 बजे मेरे ससुराल व मायके वाले मेरी तलाश करते हुए जंगल आए तो एक आरोपी वहां से भाग गया। फिर मेरे परिवार वाले मुझे थाने लेकर आए फिर थाने पर मैंने घटना की बात अपने परिवार के सास, ससुर, ननद, काकी, भाई, भाभी, बहन, काका, काका को बताई। इसके बाद पुलिस ने मेरी शिकायत के आधार पर 135/2026 धारा 140(3), 64(2)(एम), 296(बी), 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामले में अभी आगे की कार्रवाई की जा रही है।

#### आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

पुलिस के अनुसार आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई। इस टीम ने विशेष अभियान चलाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी उ.पु.अ. संजय कुमार रावत थाना टाण्डा व सउनि योगेन्द्रसिह मावी ,सउनि रामदास सोलंकी ,सउनि रामसिह हटिला प्रआर 821 रामसिह सस्तिया प्रआर 844 माधवसिह वसुनिया प्रआर. 810 बच्चुसिंह चौहान ,प्रआर 786 किशन देवल प्रआर 791 दिनेश मेडा आरक्षक 955 दिलीप डुडवे आर 1166 निलेश सापले आर 1068 सुनिल पवार आर.945 राघवेन्द्र आर 980 राहुल चौहान आर 723 सुनिल खराडे आर 1101 दिलीप मंडलोई की सराहनीय भूमिका रही है।

## युवा संगम मेला आज पीजी कॉलेज में

**धार।** कलेक्टर राजीव रंजन मीना के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अतंर्गत 7 अगस्त को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस महाराज भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार में युवा-संगम (रोजगार मेला) एवं केरियर काउंसलिग का आयोजन किया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से बेरोजगार युवाओं का चयन कर रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। मेले में प्रतिभा सिंटेक्स कम्पनी पीथमपुर, मेंटलमेंट आटो प्रा.लि. पीथमपुर, युवा शक्ति फाउन्डेशन पीथमपुर आदि कंपनियां भाग लेंगी। ऐसे आवेदक जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष है एवं योग्यता 5वी से 10वी, 12वी एवं स्नातक, आय.टी.आय व डिप्लोमा उत्तीर्ण हो समस्त मूल प्रमाण पत्रों, रिजुम (बायोडाटा) के साथ पीजी कालेज धार में 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उपस्थित होकर योग्यतानुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है। चयनित कांउन्सलर एवं विषयविशेषज्ञो द्रारा केरियर काउंसलिंग का आयोजन भी किया जाएगा।

### वी प्रीपेड यूज़र्स के लिए लाया स्पॉटीफाय प्रीमियम

**इंदौर.** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज तीन नए प्रीपेड रीचार्ज प्लान्स की घोषणा की है, जिसके साथ यूज़र बिना किसी अतिरिक्त लागत के स्पॉटीफाय प्रीमियम का लाभ उठा सकते हैं, ये प्लान एक ही रीचार्ज पर प्रीमियम म्युज़िक, एंटरटेनमेन्ट और डेटा के बेहतर फायदे-सभी एक साथ देते हैं. ऐसे में ये म्युज़िक के साथ आने वाले सबसे किफ़ायती प्रीपेड प्लान्स हैं. आज के दौर में, खासतौर पर युवा उपभोक्ताओं के लिए म्युज़िक, डिजिटल जुड़ाव का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है. इसी को ध्यान में रखते हुए अपने प्रीपेड पोर्टफोलियो में स्पॉटीफाय प्रीमियम को शामिल कर वी ने प्रीमियम म्युज़िक स्ट्रीमिंग को और अधिक सुलभ बना दिया है,

## गौचर भूमि पर उद्योग विभाग के कब्जे से आक्रोश

### आरोप : बिना नियम के कारखाने बसा रहा उद्योग विभाग, की जबरन प्लाटिंग

**धार।** प्रकृति वात्सल्य गौशाला, 34वीं बटालियन बकरी केंद्र, जेतपुरा, धार की गौचर भूमि पर उद्योग विभाग का कब्जा होने से गौ भक्तों एवं विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं में खासा आक्रोश है। विश्व हिन्दू परिषद के धार नगर मंत्री योगेश पाल ने शासन- प्रशासन को चेतावनी देते हुए कार्यकर्ताओं ने पूछा कि गौ माता कहां जाएगी?

विश्व हिन्दू परिषद ने धार जिला प्रशासन को चेताते हुए कहा कि जल्द ही गतिरोध दूर नहीं हुआ तो गौ भक्तों और विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं को सड़कों पर आना पड़ेंगा। प्रकृति वात्सल्य गौशाला और उद्योग विभाग के बीच विवाद की जड़, बिना नियम के उद्योग विभाग बसा रहा उद्योग और तो और विभाग ने बाकायदा प्लाटिंग भी कर दी है। यह जमीन का भूमि उपयोग पीएसपी है जिसे परिवर्तन किए बिना औद्योगिक विकास के लिए अवैध रूप से प्लाटिंग किया गया है। आज कलेक्टर के निर्देश पर धार एसडीएम, और तहसीलदार राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे और विवादित जगह का स्थल निरीक्षण किया।

#### लोग बोले : सड़क पर नहीं घूमे गौमाता...

गौवंश सड़कों पर नहीं घूमना चाहिए। हम भी यही कहते हैं, लेकिन सोचिए - अगर गौवंश सड़कों पर नहीं घूमेगा तो जाएगा कहाँ? गौशाला में ही तो आएगा।और जब गौशाला की ही गौचर भूमि पर कब्जा हो जाएगा, तो वो दुर्घटनाग्रस्त, वृद्ध और सड़कों पर घूमने वाली बेसहारा गौ माता कहाँ जाएगी? यह जमीन हमारी नहीं, गौ माता की है।

### स्वतंत्रता दिवस से 20 अगस्त तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन

**धार।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में 15 से 20 अगस्त 2026 तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार ग्राम सभाओं के सफल आयोजन के लिए हर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अपने क्षेत्र का नोडल अधिकारी नियुक्त करने की जिम्मेदारी दी है। नोडल अधिकारी अपने क्षेत्र की ग्राम सभा के लिए एक शासकीय अधिकारी अथवा कर्मचारी की नियुक्ति करेंगे।

## 9 से 17 अगस्त तक धार जिले में चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

- वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर होंगे विशेष आयोजन
- 14 अगस्त को मनाया जाएगा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

**धार।** केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में 9 से 17 अगस्त 2026 तक हर घर तिरंगा अभियान-2026 का आयोजन किया जाएगा। अभियान के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न जन-जागरूकता एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

अभियान के अंतर्गत तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली, तिरंगा प्रेरित कला, तिरंगा यात्रा, बाइक एवं साइकिल रैली, मानव श्रृंखला, तिरंगा संगीत कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी, पत्र लेखन, तिरंगा मेला तथा अन्य जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय स्वयं सहायता समूहों एवं उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सभी शासकीय कार्यक्रमों, शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक आयोजनों में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन कराया जाएगा। राष्ट्रगीत के उपरांत राष्ट्रगान 'जन गण मन' प्रस्तुत किया जाएगा तथा सभी प्रत्यक्ष आयोजनों में राष्ट्रीय ध्वज फहराना अथवा प्रदर्शित करना सुनिश्चित किया जाएगा।अभियान के दौरान नागरिकों को हर घर तिरंगा पोर्टल पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने तथा सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।



## पुण्य सप्तमी पर श्री जयंतसेन साधना कुटिया में दर्शनार्थ संघ का आयोजन

**बाग। पुण्य स्पर्श चातुर्मास के अंतर्गत परम पूज्य तपस्वी रत्ना साध्वी ऋजुप्रिया श्रीजी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में मासिक पुण्य सप्तमी के शुभ अवसर पर पुण्य सम्राट की मौन साधना स्थली श्री जयंतसेन साधना कुटिया में दर्शनार्थ संघ का आयोजन किया गया।**

जानकारी अनुसार सुबह 7:30 बजे जैन मंदिरजी से श्रद्धालुओं का संघ रवाना हुआ। साधना कुटिया पहुंचकर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से दर्शन-पूजन कर आराधना की तथा नवकारसी का लाभ लिया। इस अवसर पर महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया। इस अवसर पर परम पूज्य तपस्वी रत्ना साध्वी ऋजुप्रिया श्रीजी म.सा. ने अपने मंगल प्रवचन में गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु के मार्गदर्शन से ही जीवन में सच्चे ज्ञान, संयम और आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। साथ ही उन्होंने मौन की महत्ता बताते हुए कहा कि मौन आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और आंतरिक शांति का श्रेष्ठ साधन है। वाणी पर संयम और मौन का अभ्यास व्यक्ति को आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर करता है। इस पुण्य अवसर पर संघपति (मुख्य लाभार्थी) के रूप में सा. संतोषकुमारजी मगनलालजी परिवार ने लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम का सफल आयोजन जैन श्री संघ बाग द्वारा किया गया। संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं धर्ममय बना रहा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने साधना कुटिया में दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा साध्वीश्री के प्रेरणादायी प्रवचन से सभी लाभान्वित हुए।

## बाबा धारनाथ की सवारी को लेकर शिवगर्जना पथक सक्रिय

### भव्य वाद्य पूजन संपन्न, अफजल खान वध का नाट्य रूपांतरण बना मुख्य आकर्षण




**धार।** अगले महीने 7 सितंबर को निकलने वाली बाबा धारनाथ की राजसी सवारी के निमित्त प्रतिवर्ष अपनी सेवाएँ प्रदान करने वाला धार जिले का प्रथम शिवगर्जना झांझ, डमरू एवं ध्वज पथक इस वर्ष भी पूरे उत्साह, श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ तैयारियों में जुट गया है। इसी क्रम में समिति द्वारा भव्य वाद्य पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा आगामी उत्सव की संपूर्ण रूपरेखा तय की गई।

समिति द्वारा जानकारी दी गई कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी बाबा धारनाथ की राजसी सवारी एवं नगर भ्रमण को अधिक भव्य, अनुशासित और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान नगर सज्जा, शस्त्रकला प्रदर्शन, पुनेरी ढोल द्वारा भव्य वादन तथा प्रसादी वितरण जैसे विभिन्न सेवा कार्य किए जाएंगे।

वाद्य पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य समस्त वाद्यों के विधिवत पूजन से हुआ। पूजन के पश्चात छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, पराक्रम एवं हिंदवी स्वराज्य की गौरवगाथा का स्मरण करते हुए भव्य शिवगर्जना की गई।

### मंदिर के पास रोड पर गड्ढा होने से वाहन वाले गिरकर हो रहे घायल

**गंधवानी।** गंधवानी नगर से 4 किलोमीटर दूर ग्राम खड़की में मंदिर के समीप मार्ग पर कई फीट गहरा गड्ढा हो चुका है जिसमें वाहन चालक लोग गिरकर घायल हो रहे हैं यहां से गुजरने वाले राहगीर कमल सिंह और मुकेश मंडलोई ने बताया कि गड्ढा गहरा हो चुका है रात के समय हम निकले तो दिखाई नहीं देता है। इसमें वाहन एकदम से निकलने के कारण अनियंत्रित होकर हम लोग गिर गए जिससे हमें थोड़ी सी छोटे भी आई हे ।सवाल यही उठता है कि आखिर जिम्मेदार लोग लोगों की जान पर भारी इन चीजों पर सुधार क्यों नहीं करते इसका क्या कारण है।

एक नजर में
धार सीमेंट के जल संरक्षण मॉडल को राष्ट्रीय मंच पर सराहना

# वर्तमान समय में प्राकृतिक पानी को बचाना और सहेजना बड़ी चुनौती...

**मनावर।** मेडीकैप्स विश्वविद्यालय, इंदौर में आयोजित 'एकीकृत जल प्रबंधन विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में धार सीमेंट वर्क्स के संस्थान प्रमुख नीतेश निराला ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। अपने मुख्य उद्बोधन में उन्होंने धार सीमेंट वर्क्स द्वारा एकीकृत जल प्रबंधन, भूजल पुनर्भरण (ग्राउंडवॉटर रिचार्ज) तथा पर्यावरण-अनुकूल खनन (ईको-फ्रेंडली माइनिंग) के क्षेत्र में अपनाई जा रही अभिनव पहलों एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों की जानकारी दी।




निराला ने कहा कि जल प्रबंधन पर आयोजित यह संगोष्ठी मेडीकैप्स विश्वविद्यालय की अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है तथा जल संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्धन सरकार, उद्योगों, शैक्षणिक संस्थानों और समाज—सभी की साझा जिम्मेदारी है।

उन्होंने बताया कि धार सीमेंट वर्क्स द्वारा एकीकृत जल प्रबंधन के अंतर्गत माइंस क्षेत्र में अनेक चेक डैमों का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आसपास के गांवों में 17 चेक डैम बनाए गए हैं। इन सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप मनावर एवं खदान क्षेत्र के आसपास भूजल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इससे न केवल जल उपलब्धता में सुधार हुआ है, बल्कि भूजल पुनर्भरण को भी मजबूती मिली है तथा पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा मिला है ।संगोष्ठी में इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के चेयरपर्सन श्री जगदीश सिंघल, डॉ. जगदीश गर्ग सहित देशभर से आए जल वैज्ञानिक, विशेषज्ञ, शिक्षाविद एवं विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवर उपस्थित रहे।

सभी विशेषज्ञों ने धार सीमेंट वर्क्स की एकीकृत जल प्रबंधन एवं पर्यावरण-अनुकूल खनन संबंधी पहलों की मुक्तकंठ से सराहना की। उनका मत था कि कंपनी का यह कार्य जल प्रबंधन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों का प्रबल दावेदार है तथा इसका मॉडल देश के अन्य उद्योगों के लिए भी अनुकरणीय एवं प्रेरणास्रोत है ।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जल वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों ने धार सीमेंट वर्क्स प्रबंधन को जल संरक्षण, भूजल संवर्धन एवं सतत खनन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कंपनी भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जल प्रबंधन के क्षेत्र में इसी प्रकार अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी।